BSES

नयी दिल्ली, 14 जून 2013

पावर अलर्ट

बीटीपीएस– गाजीपुर 220 केवी नेटवर्क में मरम्मत कार्य

- **बीटीपीएस– गाजीपुर 220 केवी लाइन नोएडा से होकर गुजरता है जिसकी देखेरख यूपीपीसीएल करता है, में मरम्मत कार्य जारी**
- **बीवाईपीएल ने 220 केवी लाइन के खराब हिस्से को ठीक करने में यूपीपीसीएल की मदद के लिए डीटीएल से संपर्क किया**
- **एरिया में डीटीएल के सहयोग से बैकफीड किया जा रहा है**
- **मयूरविहार, पटपड़गंज और गाजीपुर इलाके मे आज रोटेशनल लोडशेडिंग की संभावना**

बदरपुर थर्मल पावर पावर स्टेशन (बीटीपीएस)– गाजीपुर 220 केवी की लाइन जो नोएडा से होकर गुजरती है सोमवार की रात को खराब हो गई। जो लाइन खराब हुई वो नोएडा के अंर्तगत आती है। उत्तरप्रदेश पावर कारपोरेशन द्वारा इस लाइन के मरम्मत का कार्य किया जा रहा है।

इसका असर डीटीएल की गाजीपुर ग्रिड पर हुआ ।इसकी वजह से बीएसईएस यमुना पावर – बीवाईपीएल– के कई इलाकों जैसे मयूरविहार, पटपड़गंज और गाजीपुर मे बिजली की आपूर्ति होती है। इसकी वजह से पूर्वी दिल्ली के कई इलाको में बिजली की आपूर्ति पिछले कई दिनों से प्रभावित हो रहे है।

बीवाईपीएस के अनुरोध पर इस समस्या के समाधान के लिए डीटीएल ने 220 केवी ज्वाइटिंग किट्स और केबल स्पुलस् युपीपीसीएल को मुहैया करवाने के लिए तैयार हो गया है।

मयूरविहार एंव आसपास के इलाके में बिजली आपूर्ति को सुचारु रखने के लिए बहरहाल बीवाईपीएल अक्षरधाम ग्रिड के जरिये गाजीपुर ग्रिड को बिजली मुहैया करवाने की पहल शुरु कर दिया है। इस स्थिति को सुचारु बनाने के लिए डीटीएल को पटपड़गंज ग्रिड के अंडरसाइज्ड आईसोलेट्र को बदलना पड़ेगा।

डीटीएल ने 220 केवी पटपड़गंज ग्रिड में कार्य भी प्रारम्भ कर दिया है। आईसोलेटर को बदलने में करीब 6 घंटे का समय लग सकता है। इसके बाद ही मयूरविहार, पटपड़गंज और गाजीपुर में बिजली के सुचारु होने की संभावना है।

फिलहाल बीवाईपीएल इलाके मे पावर बैकफीड के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है लेकिन पटपड़गंज में आईसालेटर के बदलने के कार्य में लगने वाले समय की वजह से गाजीपुर, पटपड़गंज और मयूरविहार कें कूछ पॉकेट्स में लोड शेडिंग की संभावना हो सकती है।

बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति कराने के लिए प्रतिबद्व है और उस असुविधा के लिए खेद प्रकट करता है जो डिस्कॉम के नियंत्रण मे नही है।